**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-02 का उत्तरालेख्य**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 2-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उच्च शिक्षा हेतु प्रदेश सरकार द्वारा वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं को विदेश में शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है ? | जी नहीं। |
| (ख) क्या जनपद सीतापुर में छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति हेतु आवेदन के सापेक्ष छात्रवृत्ति प्रदान करा दी गई है ? | जनपद-सीतापुर में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति छात्रों द्वारा 37317 आवेदन एवं सामान्य वर्ग के 18725 छात्रों द्वारा आवेदन किया गया है। विद्यालयों द्वारा अनुसूचित जाति के 33085 व सामान्य वर्ग के 16726 छात्रों का डाटा अग्रसारित किया गया है। स्क्रूटनी के उपरान्त प्राप्त करेक्ट डाटा एवं सस्पेक्ट डाटा में अनुसूचित जाति में 26499 व सामान्य वर्ग में 15147 छात्रों का डाटा जिला समाज कल्याण अधिकारी के स्तर से वेरीफाई किया गया है। जनपद सीतापुर में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के 19058 छात्रों को 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि रू0-395.911 लाख व सामान्य वर्ग के 11624 छात्रों को रू0-734.056 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। अनुसूचित जाति हेतु शेष 60 प्रतिशत केन्द्रांश की धनराशि भारत सरकार द्वारा सीधे छात्रों के बैंक खातों में स्थानान्तरित की जाती है। |
| (ग)- यदि हाँ, तो कब ? | मार्च 2023 तक |
| (घ)-यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

31/07/23

2.VIII.23

(असीम अरूण)
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)